हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 13 मार्च 2026

11 जल जीवन मिशन: पेयजल व्यवस्था संभालने में...



12 चार हजार यूनिट का आंकड़ा पार, माता सती वेलफेयर...



## जिला खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम करेगी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

# कमर्शियल सिलेंडर नहीं होने पर व्यापार पर पड़ेगा असर, कालाबाजारी रोकने के लिए 6 टीम गठित

**जिले की सभी 21 गैस एजेंसी पर विभाग के इंस्पेक्टर रखेंगे पैनी नजर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अंतरराष्ट्रीय हालात से गैस सिलेंडर व्यवस्था देशभर में बिगड़ गई है। महेंद्रगढ़ जिले की बात करें तो इसी मुद्दे को लेकर वीरवार जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने सभी 21 गैस एजेंसी संचालकों की बैठक ली गई। हर मुद्दे पर मंत्रणा के बाद निर्देश जारी किए गए है। जिला खाद्य एवं पूर्ति विभाग विभाग के सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अरूण कुमार सैनी ने हरिभूमि को बताया कि कमर्शियल गैस सप्लाई आगे से बंद कर दी गई है। घरेलू गैस सिलेंडर की जिला में कोई कमी नहीं है। कालाबाजारी ना हो, इसको लेकर जिला में छह केंद्र स्थापित किए है। इनमें नारनौल, महेंद्रगढ़, कनीना, सतनाली, अटेली व नांगल चौधरी है। यहां एक-एक टीम तैनात रहेगी। घरेलू गैस सिलेंडर वितरण की हर बारीकी पर नजर रखेंगी। यहीं नहीं, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर जाकर औचक निरीक्षण करेगी। कहीं कोई गड़बड़ी या कालाबाजारी होती मिली तो विभागीय व कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा जिला की प्रत्येक 21 गैस एजेंसियों पर हमारे विभाग के इंस्पेक्टर नजर रखेंगे। रोजाना एजेंसी के स्टाफ का सुपरविजन किया जाएगा। पुलिस भी अपने स्तर पर कालाबाजारी रोकने के लिए पहल करेगी। जहां तक बुकिंग सिस्टम में गड़बड़ी की बात है तो यह सहीं बात है। बुकिंग करते वक्त समस्या आ रही है। उसको लेकर संबंधित गैस कंपनी को पत्र लिखा गया है। जिसने बुकिंग करवाई है, उसे घरेलु गैस सिलेंडर दो से तीन दिन में मिल जाएगा। घबराने की जरूरत नहीं है। जिले में घरेलू गैस सप्लाई प्राप्त मात्रा में हो रही है। बैठक में जिला गैस एजेंसी संचालक प्रधान अमित यादव के अलावा एजेंसी संचालक कैलाश चंद, रामकिशन, भतेरी देवी, मनभावती देवी, ग्यारसी देवी, कमला देवी, हवासिंह, धर्मबीर सिंह, प्रदीप कुमार, रजनीदेवी, भीष्म राणा, नीलम कुमारी शामिल हुए। सभी गैस एजेंसी संचालकों ने आश्वस्त किया कि जिले में गैस की कोई किल्लत नहीं है।



मंडी अटेली। गैस एजेंसी पर बुकिंग करवाने वाले गैस उपभोक्ताओं की लंबी कतारे। फोटो: हरिभूमि

### कोयला, लकड़ी व इंडक्शन चूल्हा के भाव अभी स्थिर

हरिभूमि टीम ने शहर के कई हिस्सों में ग्राहक बनकर कोयला, लकड़ी और इंडक्शन चूल्हा के दामों को देखा। कोयला के भाव अलग-अलग मिले। कहीं 35 तो कहीं 40 रुपये प्रति किलो का भाव दिखा। दुकानदारों का तर्क था कि सर्दी में ज्यादा और गर्मी में कम खरीद होती है। गैस सिलेंडर नहीं होने का अभी फिलहाल भाव पर कोई प्रभाव नहीं है, भविष्य में क्या होगा? यह नहीं कह सकते। वहीं लकड़ी में सामान्य टुकड़े 800 रुपये और गुटका लकड़ी के भाव 900 रुपये प्रति क्विंटल का भाव मिला।

### अटेली : ऑनलाइन बुकिंग में दिक्कत से गैस उपभोक्ता पहुंचे सीधे एजेंसी

**मंडी अटेली।** अंतरराष्ट्रीय हालातों को लेकर फैल रही चर्चाओं के बीच गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर लोगों में भारी चिंता देखी गई। इसी के चलते वीरवार को मंडी अटेली क्षेत्र की गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कई लोग सुबह से ही अपने खाली सिलेंडर लेकर एजेंसी पहुंच गए और बुकिंग व सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया में तकनीकी दिक्कत आ रही है, जिसके कारण उन्हें समय पर कन्फर्मेशन मैसेज नहीं मिल पा रहा। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में गैस वितरण वाहन भी निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रहे, जिससे लोगों को एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। गैस एजेंसी संचालक प्रवीण कुमार लांबा के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई सामान्य है और उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि सभी उपभोक्ताओं को नियमानुसार बुकिंग के आधार पर ही सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

### कमर्शियल सिलेंडर नहीं, भट्टी बनाने की तैयारी

शहर के प्रसिद्ध सन प्लाजा होटल संचालक संदीप संघी ने बताया कि गैस की कमी भी नहीं बता रहे और कमर्शियल गैस सिलेंडर मिल भी नहीं रहे। उनके यहां कमर्शियल सिलेंडर दो तीन ही बचे है। मिल नहीं रहे। इसलिए अब तंदूर भट्टी का इस्तेमाल रोटी के साथ साथ अन्य सामान तैयार करने में करेंगे। लकड़ियों की भी व्यवस्था कर रहे है। व्यवसाय को रूकने नहीं देंगे ना ही रेट में कोई बढ़ोतरी करेंगे। अगर यह समस्या लंबे समय तक चली तो उस हिसाब से आगे बढ़ेंगे। शहर में जितने भी होटल है, उन सभी में लगभग यहीं स्थिति है।

## खबर संक्षेप

### कनीना नपा की बजट बैठक आज होगी

**कनीना।** नगर पालिका कार्यालय में शुक्रवार को बजट बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी पार्षद व एफसीसी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार ने बताया कि बैठक में बजट सहित अन्य विकास कार्यों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### 14 मार्च को जिले के दौरे पर रहेंगे सांसद

**महेंद्रगढ़।** सांसद धर्मबीर सिंह 14 मार्च शनिवार को जिला महेंद्रगढ़ के दौरे पर रहेंगे। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि सांसद धर्मबीर सिंह सतनाली एवं महेंद्रगढ़ क्षेत्र के अनेक गांवों में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। दोपहर एक बजे गांव डिगरोता में सिंचाई विभाग की एक मेगा रीचार्ज एवं सिंचाई परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद तीन बजे गांव जेरपुर, चार बजे गांव कुरहावटा व पांच बजे गांव सिसोठ में उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान सांसद धर्मबीर सिंह गांव की समस्या सुनने के साथ-साथ जन सुनवाई भी करेंगे।

### सतनाली में बाबा भैरव मेला 29 को

**सतनाली मंडी।** कस्बे के भैरव मंदिर परिसर में 29 मार्च को बाबा भैरव के 75वें मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। भैरव दल सेवा समिति प्रधान राजेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी पर 29 मार्च को मेला आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि धर्मबीर गोठवाल, पूर्व प्रधान महेंद्र वालिया, एडवोकेट पवन पारीक आदि उपस्थित रहे।

## जिले के 285 गांवों की बीपीएल कॉलोनियों में से 183 में कराया जाएगा विद्युतीकरण


# बीपीएल कॉलोनियों में होगा विद्युतीकरण 4 माह में होंगी 'गरीबों की बस्तियां रोशन'

**बिजली निगम ने गत 3 मार्च को जारी किया वर्कऑर्डर, 4 जून तक पूरा करने का लक्ष्य**

राजकुमार ▶▶ नारनौल

जिले की बीपीएल कॉलोनियों में अब जल्द ही बिजली की रोशनी पहुंचने जा रही है। लंबे समय से बिजली की सुविधा से वंचित गरीब परिवारों के लिए यह बड़ी राहत की खबर है। बिजली निगम द्वारा जिले की शेष बीपीएल कॉलोनियों में विद्युतीकरण का कार्य शुरू करने की तैयारी कर ली गई है। इसके लिए बिजली निगम ने हाल ही में गत 3 मार्च को नारनौल सर्कल के तहत कार्य आदेश जारी कर दिया हैं और अगले चार महीनों के भीतर यह कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बता दें कि जिले के कुल 285 गांवों में बीपीएल परिवारों के लिए कॉलोनियां बसाई गई हैं। इनमें से 102 कॉलोनियों में पहले ही बिजली की व्यवस्था की जा चुकी है, जबकि अब शेष 183 कॉलोनियों में विद्युतीकरण किया जाएगा। इस कार्य के पूरा होने के बाद इन कॉलोनियों में रहने वाले हजारों गरीब परिवारों को बिजली की सुविधा मिल सकेगी और उनकी बस्तियां भी रोशनी से जगमग हो उठेंगी। इन बीपीएल कॉलोनियों की स्थापना पिछली हुड्डा सरकार के कार्यकाल में की गई थी। उस समय गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत बीपीएल श्रेणी के परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट आवंटित किए गए थे। इन प्लॉटों पर धीरे-धीरे गरीब परिवारों ने अपने घर बनाकर रहना शुरू कर दिया।



नारनौल। कॉलोनी के बाहर लगा बिजली ट्रांसफार्मर। फोटो: हरिभूमि

### चार महीने में पूरा होगा काम

बिजली निगम द्वारा इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की योजना बनाई गई है। इसके तहत 3 मार्च 2026 को नारनौल सर्कल के लिए विद्युतकरण का वर्क ऑर्डर जारी किया गया है।

इस कार्य को पूरा करने के लिए 4 जून 2026 तक की समयसीमा तय की गई है। इस परियोजना का कार्य दिलबाग सिंह नामक ठेकेदार की कंपनी को सौंपा गया है। ठेकेदार द्वारा संबंधित कॉलोनियों में बिजली की लाइनें बिछाई जाएंगी, बिजली के पोल लगाए जाएंगे और जरूरत के अनुसार ट्रांसफार्मर भी स्थापित किए जाएंगे। इसके बाद इन कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध करवाए जाएंगे। बिजली निगम के अनुसार कार्य शुरू होने के बाद चरणबद्ध तरीके से सभी 183 कॉलोनियों में विद्युतकरण किया जाएगा, ताकि तय समय के भीतर पूरा काम पूरा किया जा सके।

### यह बोले अधिकारी



जिले की शेष बीपीएल कॉलोनियों में विद्युतकरण का कार्य शुरू किया जा रहा है। इसके लिए वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है और संबंधित ठेकेदार को काम सौंप दिया गया है। तय समयसीमा के अनुसार अगले चार महीनों के भीतर सभी 183 कॉलोनियों में विद्युतकरण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बिजली की लाइन, पोल और ट्रांसफार्मर लगाए जाने के बाद कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। इस योजना से हजारों गरीब परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी बस्तियां भी बिजली की रोशनी से जगमगा उठेंगी।

-जोगेंद्र सिंह हुड्डा, अधीक्षण अभियंता (एसई), बिजली सर्कल, नारनौल

### बिजली सुविधा नहीं होने से हो रही थी परेशानी

हालांकि कई स्थानों पर घर बनने के बावजूद बुनियादी सुविधाओं की कमी बनी हुई थी। विशेष रूप से बिजली की सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई परिवार अस्थायी व्यवस्था के सहारे या आसपास के गांवों से बिजली जोड़कर किसी तरह काम चला रहे थे। अब बिजली निगम द्वारा शेष कॉलोनियों में विद्युतकरण का कार्य शुरू किए जाने से इन बस्तियों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### गरीब परिवारों को मिलेगा सीधा लाभ

बीपीएल कॉलोनियों में बिजली की सुविधा मिलने से वहां रहने वाले गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। अभी तक बिजली नहीं होने के कारण लोगों को अंधेरे में रहना पड़ता था और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती थी। विद्युतकरण होने के बाद इन कॉलोनियों में रहने वाले परिवार आसानी से बिजली कनेक्शन ले सकेंगे। इससे घरों में रोशनी के साथ-साथ पंखे, कूलर और अन्य बिजली उपकरणों का उपयोग भी संभव हो सकेगा। इसके अलावा बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलेगा और घरेलू कामकाज भी आसान हो जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में बसाई गई इन बस्तियों में बिजली पहुंचने से विकास की रफ्तार भी तेज होने की उम्मीद है।

**पत्नी की हत्या का मामला**

# पति दोषी करार, आजीवन कठोर कारावास की सजा

**दोषी पर 25 हजार रुपये का लगाया जुर्माना, राशि अदा न करने पर भुगतनी होगी अतिरिक्त सजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



आपसी विवाद के चलते 17 माह पहले पत्नी की हत्या करने के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने कड़ा फैसला सुनाया है। न्यायालय ने निजामपुर के मूसनौता गांव निवासी दोषी दशरथ को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) के तहत आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। सजा के साथ ही दोषी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना राशि अदा न करने की स्थिति में दोषी को अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी।

जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर 2024 को वारदात को अंजाम दिया गया था। दोषी दशरथ का उसकी पत्नी सुनीता के साथ अक्सर झगड़ा होता रहता था। विवाद के चलते दशरथ ने निवार के पट्टे से गला घोंटकर सुनीता की हत्या कर दी थी और शव को कमरे में रख दिया था। मृतका के भाई सतीश कुमार निवासी बुटेरी जिला बानसूर राजस्थान की शिकायत के आधार पर थाना निजामपुर पुलिस ने बिना किसी विलंब के हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। मामले में थाना निजामपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित दशरथ को गिरफ्तार कर लिया था और रिमांड के दौरान पूछताछ में हत्या में प्रयुक्त निवार का पट्टा भी बरामद किया गया था। जांच इकाई ने तकनीकी आधार पर मामले के सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाकर न्यायालय के समक्ष चार्जशीट पेश की। अदालत में सुनवाई के दौरान सहायक जिला न्यायवादी दिलावर सिंह ने अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभावशाली पैरवी की, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस की ओर से जुटाए गए पुख्ता सबूतों व ठोस दलीलों के आधार पर न्यायालय ने आरोपित को दोषी करार देते हुए यह सख्त सजा सुनाई।

इस मामले में उल्लेखनीय पहलू यह भी है कि नए आपराधिक कानून के प्रभावी क्रियान्वयन व पुलिस की त्वरित जांच के चलते बेहद कम समय में इस अभियोग का निपटारा कर दोषी को सजा सुनाई गई है। अक्टूबर 2024 में हुई इस वारदात के बाद पुलिस ने तत्परता से साक्ष्य संकलन कर न्यायालय में चालान पेश किया। नई कानूनी प्रक्रिया के तहत हुई इस त्वरित सुनवाई से पीड़ित परिवार को कम समय में न्याय मिला है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से शिमली के युवक की मौत

**नारनौल।** नारनौल-नांगल चौधरी रोड पर भोजावास के समीप सर्विस रोड पर बाइक को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार देने से शिमली निवासी करीब 33 वर्षीय युवक विकास यादव की मौत हो गई। शिमली निवासी विकास बीती शाम को अपनी बाइक से नारनौल की तरफ से गांव आ रहा था। तभी शाम को करीब सात बजे अज्ञात वाहन उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना एंबुलेंस को दी तथा उसे नागरिक अस्पताल ले जाया गया।

सूचना परिजनों को मिलने पर वे अस्पताल पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीरावस्था को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे जयपुर के निम्स अस्पताल लेकर गए, जहां उपचार के दौरान रात्रि को विकास ने दम तोड़ दिया। बाद में परिजन उसकी डैड बॉडी को वापस नारनौल लेकर आए।

नांगल चौधरी पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया।

# पेड़ से टकराया वाहन, चार महिला और दो बच्चों सहित दस घायल

**घायलों को डायल 112 पुलिस वाहन व एम्बुलेंस की सहायता से सतनाली सीएचसी पहुंचाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी

सतनाली डिगरोता पर वीरवार दोपहर बाद हुए सड़क हादसे में चार महिला व दो बच्चों सहित 10 लोग घायल हो गए। वीरवार दोपहर बाद डिगरोता रोड पर छोटा वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया, जिससे उसमें सवार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और लोगों व पुलिस की सहायता से घायलों को डायल 112, पुलिस वाहन व एम्बुलेंस की सहायता से सतनाली सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत गंभीर रूप से घायलों को रेफर कर दिया।

हादसे की जानकारी के बाद सरपंच प्रतिनिधि डिगरोता योगेश शास्त्री, पूर्व सरपंच जड़वा रवि शेखावत, सरपंच माधोगढ़ रामपाल आदि सहित अनेक लोगों ने गंभीर घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया।

समाचार लिखे जाने तक गंभीर रूप से घायलों को रेफर करने की प्रक्रिया की जा रही थी और पुलिस टीम सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद थे। सतनाली थाना प्रभारी इंस्पैक्टर अनिल कुमार ने बताया कि सतनाली डिगरोता मार्ग पर दुर्घटना की सूचना मिली। जिस पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस व वाहनों की सहायता से सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में 10 लोग घायल हो गए हैं।



सतनाली मंडी। हादसे के बाद घटनास्थल पर उपस्थित पुलिस व ग्रामीण।



सतनाली मंडी। सीएचसी में एकत्रित परिजन, पुलिस व ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

## रेलवे की ओर से गर्मियों की छुट्टियों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए लिया निर्णय

# स्पेशल 3 जोड़ी रेलसेवाओं की संचालन अवधि में किया विस्तार, नारनौल स्टेशन पर होगा ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रेलवे की ओर से आगामी गर्मियों की छुट्टियों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु तीन जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 09633/09634 रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा में रेवाडी से एक अप्रैल से पांच अप्रैल, 11 व 12 अप्रैल, 18, 19, 25, 26, 30 अप्रैल, दो मई, तीन मई, नौ, 10, 12, 16, 17, 23, 24, 26, 30 व 31 मई, छह जून, सात, 10, 13, 14, 20, 21, 24, 25, 27 व 28 जून को को (35 ट्रिप) का व रींगस से दो अप्रैल, तीन, चार, पांच, छह, 12, 13, 19, 20, 26, 27 अप्रैल, एक मई, तीन, चार, 10, 11, 13, 17, 18, 24, 25, 27, 31 मई, एक जून, सात, आठ, 11, 14, 15, 21, 22, 25, 26, 28 व 29 जून को (35 ट्रिप) का विस्तार किया जाएगा।



नारनौल। रेलवे स्टेशन। फोटो: हरिभूमि

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09637/09638 रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा में रेवाड़ी से एक अप्रैल, तीन, चार, पांच, 11, 12, 13, 18, 19, 25, 26, 27 अप्रैल, एक मई, दो, तीन, नौ, 10, 13, 16, 17, 23, 24, 27, 28, 30, 31 मई, छह जून, सात, 11, 13, 14, 20, 21, 25, 26, 27, 28 व 29 जून को (38 ट्रिप) का एवं रींगस से एक अप्रैल, तीन, चार, पांच, 11, 12, 13, 18, 19, 25, 26, 27 अप्रैल, एक मई, दो, तीन, नौ, 10, 13, 16, 17, 23, 24, 27, 28, 30, 31 मई, छह जून, सात, 11, 13, 14, 20, 21, 25, 26, 27, 28 व 29 जून को (38 ट्रिप) का विस्तार किया जाएगा।

वहीं गाड़ी संख्या 09733/09734 जयपुर-भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा में जयपुर से एक अप्रैल से 14 अप्रैल तक (14 ट्रिप) व 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक (92 ट्रिप) एवं भिवानी से एक अप्रैल से 14 अप्रैल तक (14 ट्रिप) तथा 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक (92 ट्रिप) का विस्तार किया जाएगा।



रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ जीव-जंतु अपने रहने के लिए ऐसे आवास बनाते हैं, जिन्हें देखकर तुम दंग रह जाओगे! तुम यही सोचोगे कि इन्होंने इतनी अमेजिंग होम मेकिंग इंजीनियरिंग आखिर सीखी कहां से? जानो, ऐसे ही कुछ जंतुओं के अनोखे घरों के बारे में।

# इंजीनियरिंग का कमाल हैं इन जंतुओं के अनोखे घर

## रूफस हॉर्नेरो मिट्टी के ओवन जैसा घोंसला

**दक्षिण अमेरिका** में पाया जाने वाला पक्षी रूफस हॉर्नेरो, अपने मिट्टी से बने घर के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। बच्चो, इस पक्षी की कलाकारी देखकर तुम दंग रह जाओगे। रूफस कीचड़, गोबर और सूखी घास को मिलाकर एक गोल घर बनाता है। इसका आकार पुराने जमाने के मिट्टी के ओवन जैसा दिखता है, इसलिए इसे 'हॉर्नेरो' कहा जाता है। स्पेनिश में 'हॉर्नो' का मतलब ओवन होता है। जब यह मिट्टी का घोंसला धूप में सूखकर सख्त हो जाता है, तो यह कंक्रीट जैसा मजबूत हो जाता है। भारी बारिश और तेज हवाएं भी इसे नहीं तोड़ पातीं। यह घोंसला शिकारियों से सुरक्षा के लिए एक किले की तरह काम करता है। इसका द्वार भूल-भुलैया जैसा होता है। इसके घोंसले का दरवाजा सीधा अंदर नहीं खुलता। इसके अंदर एक घुमावदार दीवार होती है, जो अंग्रेजी अक्षर 'पी' आकार का रास्ता बनाती है। यह दीवार ठंडी हवा को सीधे अंदर जाने से रोकती है। साथ ही सांपों जैसे शिकारियों के लिए बच्चों तक पहुंचने से सुरक्षित रखती है। रूफस हॉर्नेरो, अकसर बिजली के खंभों, ऊंचे पेड़ों या इमारतों के कोनों पर अपना घर बनाते हैं। *



## बोवर बर्ड इंटीरियर डिजाइनिंग की मिसाल

**ऑस्ट्रेलिया और** न्यू गिनी में पाए जाने वाले बोवर बर्ड का अपना घर बनाने का तरीका बड़ा ही अनोखा होता है। बोवर बर्ड अपना बोवर यानी घर बनाने के साथ-साथ उसमें इंटीरियर डिजाइन भी करता है। उसे सजाता है, संवारता है। दिलचस्प बात यह है कि यह बोवर इनका असली घोंसला या आवास नहीं होता है। मादा पक्षी अंडे देने के लिए अलग घोंसला बनाती है। नर बोवर बर्ड, यह सुंदर महलनुमा घर केवल मादा को प्रभावित करने के लिए बनाता है। नर पक्षी टहनियों को जमीन में गाड़कर दो समानांतर दीवारें बनाता है, जो एक गलियारे जैसी दिखती हैं। बोवरबर्ड की कुछ प्रजातियां तो टहनियों से ऊंचे 'मेहराब' भी बनाती हैं। बोवर बर्ड अपनी सजावट के लिए बहुत चूजी होते हैं। साटन बोवर बर्ड को नीला रंग इतना पसंद है कि वह अपने घर के सामने नीले फूल, नीले पंख और यहां तक कि इंसानों द्वारा फेंकी गई नीली प्लास्टिक की बोतल के ढक्कन और पेन जैसी चीजें भी इकट्ठा करते हैं। कुछ बोवर बर्ड अपनी चोंच से फलों के रस या लकड़ी के कोयले को चबाकर 'पेंट' तैयार करते हैं और अपने घर की दीवारों को रंगते हैं। ये पक्षी अपने आंगन में पत्थरों और वस्तुओं को इस तरह क्रम में सजाते हैं (बड़ी चीजें पीछे, छोटी आगे) कि जब मादा बीच में खड़ी होती है, तो उसे नर पक्षी और उसका घर ज्यादा बड़ा और भव्य दिखाई देता है। इस तकनीक को 'फोर्स्ड पर्सपेक्टिव' कहा जाता है। *



## प्रेयरी डॉग्स जमीन के भीतर अंडरग्राउंड सिटी



**बच्चो, नाम** से कंफ्यूज मत होना! प्रेयरी डॉग्स असल में डॉगी नहीं, बल्कि गिलहरी परिवार के सदस्य हैं, जो जमीन के नीचे अद्भुत अंडरग्राउंड शहर बसाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी इंजीनियरिंग इतनी सटीक होती है कि इंसानी शहरों का ड्रेनेज सिस्टम भी इसके सामने फेल हो जाए। इनके बनाए विशाल 'टाउन' केवल एक बिल नहीं, बल्कि हजारों मील में फैले भूमिगत शहर जैसे होते हैं। टेक्सास (अमेरिका) में एक बार 25,000 वर्ग मील में फैला इनका एक टाउन पाया गया था, जिसमें लगभग 40 करोड़ प्रेयरी डॉग्स रहते थे। ये शहर पीढ़ियों तक चलते हैं। इनके घर में अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग कमरे होते हैं, जैसे- बच्चों के लिए 'नर्सरी', सोने के लिए 'बेडरूम', खाना रखने के लिए 'स्टोर रूम' और यहां तक कि कचरे के लिए अलग जगह होती है। प्रवेश द्वार के पास एक 'लिस्निंग पोस्ट' भी होता है, जहां से वे शिकारियों पर नजर रखते हैं। प्रेयरी डॉग्स अपने बिल के मुहानों को अलग-अलग ऊंचाई पर बनाते हैं। इससे दबाव में अंतर पैदा होता है, जिससे ताजी हवा अपने आप सुरंगों के अंदर घूमती रहती है। यह एक बेहतरीन वेंटिलेशन इंजीनियरिंग का उदाहरण है। ये बिल के प्रवेश द्वार पर मिट्टी के ऊंचे टीले बनाते हैं। ये टीले न केवल इन्हें ऊंचाई से शिकारियों को देखने में मदद करते हैं, बल्कि बारिश के पानी को सुरंग के अंदर जाने से भी रोकते हैं। *



## डाइविंग बेल स्पाइडर पानी के तल पर हवेली

**यह दुनिया** की एकमात्र ऐसी मकड़ी है, जो अपना पूरा जीवन पानी के नीचे बिताती है। यूरोप और एशिया के देशों में नदी-तालाबों के तल पर रहने वाली इस मकड़ी के द्वारा बनाई गई 'पानी के नीचे की हवेली' की तकनीक किसी चमत्कार से कम नहीं लगती है। यह मकड़ी पानी के नीचे पौधों के बीच रेशम का एक जाल बुनती है। फिर वह सतह पर जाकर अपने शरीर के पिछले हिस्से और पैरों पर लगे घने बालों की मदद से हवा का एक बुलबुला फंसाकर नीचे लाती है। इस हवा को वह अपने जाल के नीचे छोड़ देती है, जिससे वह एक बेल (घंटी) की तरह फूल जाता है। यह बुलबुला एक 'फिजिकल गिल' की तरह काम करता है। यह पानी से ऑक्सीजन सोखता है और कार्बन डाई-ऑक्साइड को बाहर निकालता है। इस वजह से मकड़ी को बार-बार हवा लेने के लिए सतह पर नहीं जाना पड़ता। इसी हवा भरे बुलबुले के अंदर यह मकड़ी सोती है, खाना खाती है और अंडे देती है। उसका यह घर तैरकर ऊपर न चला जाए, इसके लिए वह इसे रेशमी धागों से जलीय पौधों से मजबूती से बांध देती है। शिकार करने के लिए यह मकड़ी बस अपने पैरों को बुलबुले से बाहर निकालती है और पास से गुजरने वाले कीड़ों को पकड़ लेती है। *



## कोरल पॉलिप्स विशाल-मजबूत कॉलोनियां

**कोरल पॉलिप्स,** समुद्र के वे अदृश्य कलाकार होते हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी और सुंदर जीवित प्रवाल भित्तियां (कोरल रीफ) बनाते हैं। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि चावल के दाने जितने छोटे जीव अंतरिक्ष से दिखने वाले ऊंचे 'पहाड़' खड़े कर देते हैं। प्रत्येक कोरल पॉलिप अपने चारों ओर कैल्शियम कार्बोनेट (चूना पत्थर) का एक कठोर कवच बनाता है। जब ये पॉलिप मर जाते हैं, तो उनके कठोर कंकाल वहीं रह जाते हैं, और नए पॉलिप उनके ऊपर अपना घर बनाना शुरू कर देते हैं। हजारों सालों की इस प्रक्रिया से विशाल कोरल रीफ का निर्माण होता है। *



कविता / शादाब आलम

## क्या कहने चावल के



एआई इमेज

क्या कहने चावल के भाई
कम है, जितनी करो बड़ाई।
इसे दूध के साथ मिलाकर
मजा बहुत आता है खाकर।
अगर राजमा चावल पाऊं
तीन प्लेट भरकर मैं खाऊं।
बने पुलाव जब घर में अपने
कोना-कोना लगे महकने।
कढ़ी और चावल की जोड़ी
नहीं किसी ने अब तक तोड़ी।
घूम-घूम कर बेचे भोले
बड़े गजब के चावल छोले।
जब नानी के घर जाता हूं
रोज दही चावल खाता हूं।
आज बनी है घर में तहरी
सुनकर खुश हो गई सुनहरी।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मजेदार कहानियां

बच्चो, हाल में छपकर आई 'होलू का दिमाग चलता है' सात मजेदार कहानियों की किताब है। पहली कहानी 'होलू का दिमाग चलता है' में तुम जिज्ञासु-नटखट होलू के एक से बढ़कर एक काल्पनिक और गुदगुदाते प्रश्नों को पढ़कर हंसे बिना नहीं रहोगे। 'हवा ने चांटा मारा' अर्श से हवा की काल्पनिक बातचीत पर आधारित कहानी है। बोलने में अटकने वाली मुन्नी क्यों उदास हो जाती है, कैसे फिर से खिलखिलाने लगती है? इसे तुम 'भाड़ में जाए' कहानी में पढ़ सकते हो। 'मैं लौट आया' सपने में पक्षी बनकर उड़ते हुए पड़ोसी देश की यात्रा करने वाले बच्चे की प्यारी सी कहानी है। यह कहानी अलग-अलग देशों के बीच होने वाली शत्रुता पर भोले-भाले सवाल पूछती है। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत रोचक और सीख देने वाली हैं। *



**किताब:** होलू का दिमाग चलता है, **लेखक:** दिविक रमेश
**मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** अनबाउंड स्क्रिप्ट, दिल्ली

## जीके क्विज-196

1. दिल्ली का नया लेफ्टिनेंट गवर्नर किसे नियुक्त किया गया है?
2. हाल ही में किस देश की क्रिकेट टीम को हराकर भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता?
3. चेस के 93 वें ग्रैंड मास्टर बनने वाले इंडियन चेस प्लेयर का नाम क्या है?
4. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
5. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
6. हमारे पड़ोसी देश भूटान की राजधानी का क्या नाम है?
7. सती प्रथा समाप्त करने में किस समाज सुधारक का महत्वपूर्ण योगदान था?
8. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
9. फ्लाइंग सिख के नाम से किस इंडियन एथलीट को जाना जाता है?
10. टाइटन किस ग्रह का उपग्रह है?



**बच्चो, जीके क्विज-196 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-195 का उत्तर :** 1.केरलम, 2.सचिन तेंदुलकर, 3.रॉब जेटन, 4. 20 मार्च, 5.नारंगी, 6.कार्बन डाई ऑक्साइड, 7.किडनी, 8.हीलियम, 9.आर्कटिक महासागर, 10.समुद्रगुप्त

**जीके क्विज-195 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कुणाल-रोहतक, आस्था-दिल्ली, अजय-सिरसा, प्रवीण-ईमेल से, रमेश-रायगढ़, तेजस-रायपुर, सुमन-महेंद्रगढ़, मुकेश-जींद, चंचल-दिल्ली, किशन-बिलासपुर, सचिन-रोहतक

अपनी सहेली रूठ जाए तो दिल में टीस होगी ही। अंकिता अपनी सहेली अबीहा से रूठ गई। लेकिन कुछ देर बाद अबीहा ने जो किया, अंकिता की सारी नाराजगी पल भर में दूर हो गई। एक प्यारी-मीठी कहानी।

## रूठ गई सहेली



छोटी कहानी
सिराज अहमद

आज अंकिता अपनी सबसे प्यारी दोस्त अबीहा से रूठ गई थी। वजह बहुत छोटी थी, पर उसका असर बड़ा हो गया। सुबह स्कूल में अंकिता थोड़ी देर से पहुंची, तब तक अबीहा ने सोचा कि शायद वह आज नहीं आएगी, छुट्टी पर है। इसलिए उसने अपनी दूसरी क्लासमेट को अपने बगल में बैठा लिया।

थोड़ी देर बाद अंकिता आ गई। उसने अबीहा के बगल में दूसरी लड़की को बैठे देखा तो उसका चेहरा उतर गया। अंकिता को लगा कि अबीहा ने उसकी जगह किसी और को दे दी। उसने कुछ कहा नहीं, लेकिन मन ही मन अबीहा से नाराज हो गई। लंच टाइम हुआ तो दोनों, जो हमेशा साथ बैठकर खाना खाती थीं, आज अलग-अलग बैठी थीं। अबीहा को यह बहुत बुरा लग रहा था। उसे अपनी दोस्त की चुप्पी काटने लगी। तभी उसे कुछ याद आया। अबीहा ने टिफिन खोला, अंदर मीठे परांठे थे, वही जो अंकिता को बहुत पसंद थे। जैसे ही परांठों की खुशबू फैली, अंकिता की नाक फड़क उठी। वह खुद को रोक न सकी। झटपट उठी, अबीहा की टिफिन की ओर बढ़ी और हंसते हुए बोली, 'यह मेरे हिस्से का परांठा है!'




एआई इमेज

अबीहा ने हंसकर कहा, 'ये लो, पहले तुम खा लो।' अंकिता ने एक टुकड़ा खाया और हंसते हुए क्लास में दौड़ पड़ी। उसके पीछे-पीछे अबीहा भी दौड़ने लगी। क्लास की बाकी बच्चियां हंस-हंसकर लोट-पोट हो गईं।

कुछ देर बाद दोनों थककर साथ बैठ गईं। टिफिन के परांठे बांटकर खाने लगीं। गुस्सा कहीं उड़ गया था। मीठे परांठों की खुशबू ने एक बार फिर उनकी दोस्ती में मिठास घोल दी थी। *

कैरम की रानी गोटी (क्वीन) और अन्य गोटियों में ऐसा घमंड जागा कि दोनों अपना-अपना महत्व जताते हुए बोलीं कि वे ना हों तो कैरम खेलना मुमकिन नहीं। तभी एक समझदार गोटी ने ऐसा कुछ कहा कि रानी गोटी और अन्य सभी गोटियां अपनी बहस भूलकर आपस में घुल-मिल कर हंस-हंस कर नाचने लगीं। आखिर उस समझदार गोटी ने ऐसा क्या कहा?

## नाचने लगीं गोटियां



कहानी
क्षमा शर्मा

आदित्य और अंशु के पास एक कैरम बोर्ड था। अकसर शाम को बाहर खेलने जाने से पहले दोनों कैरम खेलते थे। बहुत बार वे बाहर न जाकर सिर्फ कैरम ही खेलते रहते थे। एक बार कैरम की गोटियों में आपस में बहस हो रही थी कि अगर वे न हों तो कोई कैरम खेल ही नहीं सकेगा। गुलाबी रंग की रानी गोटी यानी क्वीन इन सब की बातें सुन इतरा कर बोली, 'बड़ी चली हो महारानी बनने। जानती नहीं कि तुम सबकी रानी तो मैं ही हूं। मैं न होऊं तो तुम सब कुछ नहीं कर सकोगी।'

एक गोटी जो लड़ाकू थी, वह झिड़ककर बोली, 'तुम तो बस दिखाने भर की रानी हो। अपने बल पर तो अकेली बोर्ड से बाहर भी नहीं निकल सकतीं। हमेशा अपने पीछे हम में से कोई एक चाहिए कवर करने के लिए।'

'अरे रहने दो! अपने आप ही पिछलग्गू बनी चली आती हो मेरे पीछे। ना भी आओ तो मेरा क्या बिगड़ेगा? रहूंगी तो मैं रानी ही।' रानी की अकड़ भरी बात सुनकर बाकी गोटियों को बहुत गुस्सा आया। सबने मन ही मन तय किया कि रानी को सबक सिखा कर रहेंगी। अब जैसे ही दो बच्चे कैरम खेलने बैठते, गोटियां फटाफट बाहर निकलने लगतीं। लेकिन जैसे ही रानी बाहर निकलती बाकी गोटियां जैसे बोर्ड पर जम जातीं। चाहे जितना स्ट्राइकर मारो, वे टस से मस न होतीं। इससे बच्चे बार-बार रानी गोटी को बोर्ड पर पटकते, जिससे उसे चोट भी लगती। वह दर्द से कराहती। बाकी गोटियां इस दशा पर मुस्कुरातीं, 'अरे! रानी है, कर लेगी न सब अपने आप।'

इन सब गोटियों में एक गोटी ऐसी भी थी, जिसे रानी को देख तकलीफ होती। एक दिन उसने अपनी सहेली गोटियों से कहा, 'हम सबने रानी को बहुत सजा दे ली। लेकिन अब इस लड़ाई को खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि यह भी तो हो सकता है कि हमसे खेलने वाले बच्चे हमारी हरकतों से तंग आकर दूसरी गोटियां ले आएं और हमें कूड़ेदान में फेंक दिया जाए। तब हम सबका क्या होगा, तुमने सोचा है? यहां तो हम सब आराम से रहते हैं। गर्मी, सर्दी, बरसात सबसे बचे रहते हैं। बाहर की दुनिया कैसी होगी, क्या पता? कूड़ेदान में से उठाकर किसी ने हमें आग में जला दिया तो..., तब हमारा क्या होगा? आखिर बनी तो हम लकड़ी से ही हैं।' उस गोटी की बातें सुन कर सारी गोटियां सोच में पड़ गईं। सबने देखा कि रानी गोटी के आंसू बह रहे थे। वह बोली, 'वैसे तो मैं रानी हूं, लेकिन मुझे यह बात क्यों समझ में नहीं आई कि गलती मेरी ही थी। घमंड में आकर मैंने अपनी सभी सहेलियों का अपमान किया। सबको मुसीबत में डाल दिया। सॉरी फ्रेंड्स।'

रानी ने यह कहा तो सारी गोटियां खुशी से उछलने लगीं। वे कूद-कूद कर बोर्ड के ऊपर नाचने लगीं। एक-दूसरे को जोक्स सुनाने लगीं और हंस-हंस कर लोट-पोट होने लगीं। उन्हें लगा कि इतनी हंसी तो जीवन में उन्होंने पहली बार सुनी है।

अगले दिन जब आदित्य और अंशु कैरम खेलने लगे तो गोटियों में होड़ लग गई। वे सबकी सब रानी से पहले ही बोर्ड से बाहर जाने की तैयारी करने लगीं। बच्चों को भी आज खेलना बहुत अच्छा लगा। एक गोटी बाहर निकलती तो वे जोर से तालियां बजाते। ऐसा लग रहा था, जैसे सारी गोटियां भी ताली बजा रही हैं। *

## रंग भरो-197

**रंग भरो-197** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





काशवी, रायपुर



वेदिका, कोरबा



प्रगति, बिलासपुर



कुंजल, रायपुर



रिधान, अंबिकापुर



प्रभु, कोरबा

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आशना-जांजगीर, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, पयोनिधि-अंबिकापुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशनी-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, तेजस-बिलासपुर, सुमन-हिसार

## रंग भरो 198



बच्चो, यहां एक छोटे-से एक्वेरियम में मछली को चारा डालती एक लड़की का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



नारनौल। जिला परिषद की मीटिंग लेते जिला प्रमुख डा. राकेश कुमार।

### बैठक में स्टेट फाइनेंस से आए बजट पर चर्चा

**नारनौल।** डीआरडीए परिसर में वीरवार को जिला परिषद की बजट बैठक का आयोजन किया गया। जिला परिषद की इस साधारण बैठक में स्टेट फाइनेंस से आए हुए बजट पर चर्चा की गई। विभिन्न योजनाओं के तहत कार्यों के लिए करीब दो करोड़ का बजट आया हुआ है। इस संदर्भ में जिला प्रमुख डा. राकेश कुमार ने बताया कि इस बैठक में आंगनबाड़ी के कार्यों की समीक्षा की गई। जैव विविधता की कमेटी से चर्चा की गई। साथ ही पुराने कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में भाग ले रहे जिला पार्षदों ने पानी, रोड पर ब्रेकर, बिजली, पेंशन एवं स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं रखते हुए इन पर चर्चा की।

### नीतीश कुमार को किया सम्मानित

**नारनौल।** संतोष मेमोरियल दिव्यांगजन एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा गांव खटोटी कलां में सीबीआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. आरएन यादव, अनीता, श्वेता, अनु एवं शर्मिष्ठा, शिक्षकगण, ट्रेनीज, विशेष बच्चे तथा गांव के सेवानिवृत्त प्राचार्य अमरजीत सिंह उपस्थित रहे। यह संस्था पिछले 10 वर्षों से दिव्यांगजनों के पुनर्वास और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। संस्था के चेयरमैन मुकेश गुप्ता और चेयरपर्सन कुसुम गुप्ता ने नीतीश कुमार को सम्मानित किया।

### यदुवंशी में चेयरमैन स्कॉलरशिप 15 मार्च को

**नारनौल।** यदुवंशी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की ओर से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चेयरमैन स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट का आयोजन 15 मार्च प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। प्राचार्य नरेश कुमार ने बताया कि इस परीक्षा में एलकेजी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। परीक्षा के माध्यम से योग्य विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। संस्था की ओर से दी जा रही छात्रवृत्ति की कुल राशि लगभग 32 करोड़ तक निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं।

### अटेली में बेटियों को कैंसर से बचाने की मुहिम जारी

**मंडी अटेली।** किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को अटेली क्षेत्र में गति दी जा रही है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेली में आशा वर्करों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला उप सर्जन डॉ. नरेंद्र कुमार ने आशा वर्करों को बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण बन सकता है।

## ग्राम पंचायत गुवानी में जल अर्पण दिवस व जल महोत्सव कार्यक्रम

# जल जीवन मिशन: पेयजल व्यवस्था संभालने में ग्राम पंचायतें सक्षम

**पेयजल स्रोत को रक्षासूत्र बांधकर लिया संरक्षण का संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जल जीवन मिशन के अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से सिहमा खंड की ग्राम पंचायत गुवानी में जल अर्पण दिवस व जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्य, स्कूली स्टाफ व विद्यार्थी, महिला पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर व पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत गुवानी की सरपंच रीना यादव व मुख्य अध्यापिका कवित्रा देवी ने ट्यूबवेल को रक्षासूत्र बांधकर किया गया। मंगतुराम सरसवा ने कहा कि जल प्रबंधन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार की ओर से पेयजल प्रबंधन की जिम्मेदारी ग्रामीण समुदाय को सौंपना एक सराहनीय पहल है। अब ग्राम जल एवं सीवरेज समितियां जलापूर्ति के संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी संभालेंगी, जिससे ग्रामीणों को शुद्ध व पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा। सरपंच रीना यादव ने कहा कि पानी की एक एक बूंद अनमोल है और हमें इसे व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। यह ईश्वर का दिया हुआ अमूल्य उपहार है, जिसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। मुख्य अध्यापिका कवित्रा देवी ने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए हमें जल संरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए तथा नलों पर टोंटी लगाकर पीने के पानी को व्यर्थ बहने से रोकना चाहिए। इस मौके पर बीआरसी पूजा रानी, निशु, अशोक कुमार, विक्रम सिंह, नल जल मित्र रमेश कुमार, सोनू, भलूराम, सतेंद्र, वीडब्ल्यूएससी सदस्य भूपसिंह, स्वयं सहायता समूह से सुमन, अध्यापिका सुनीता, सुमन, डीपीई सरोज बाला सहित स्कूल के बच्चे व ग्रामीण उपस्थित रहे।





नारनौल। पेयजल स्रोत को रक्षा सूत्र बांधती सरपंच रीना यादव व नल जल मित्र को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करती विभागीय टीम। *फोटो: हरिभूमि*

### सुजल ग्राम व विकसित भारत का सपना हो

बीआरसी धर्मेंद्र ने बताया कि सरकार का उद्देश्य जलापूर्ति को केवल सरकारी योजना तक सीमित न रखकर इसे एक सामुदायिक जिम्मेदारी बनाना है। जब ग्रामीण स्वयं अपनी जल प्रणाली का प्रबंधन करेंगे, तभी सुजल ग्राम व विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। उन्होंने बताया कि जल संसाधनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जल सारथी ऐप जैसे डिजिटल माध्यमों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। बीआरसी मोहित ने बताया कि अब सरकार का ध्यान केवल बुनियादी ढांचे के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण पेयजल योजनाओं के दीर्घकालिक संचालन व रखरखाव पर भी विशेष रूप से केंद्रित है।

### कविताओं के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने कविताओं के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। बीआरसी इंद्रजीत ने बताया कि यह उत्सव 22 मार्च विश्व जल दिवस तक जारी रहेगा। इस दौरान जिले में विभिन्न विभागों के सहयोग से जल गुणवत्ता परीक्षण तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में विभाग की ओर से ग्राम पंचायत सरपंच, स्कूली स्टाफ, वीडब्ल्यूएससी सदस्यों, नल जल मित्रों तथा स्कूल के बच्चों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।



नांगल चौधरी। तोताहेड़ी में जेजेपी रैली की रूपरेखा बनाते नेतागण।

### जेजेपी की उत्सव रैली आज

# हर बूथ पर वाहनों का प्रबंध 700 वालंटियर्स नियुक्त

- जेजेपी की उत्सव रैली को सफल बनाने के लिए हर बूथ पर वाहनों का प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

जेजेपी के हलका प्रधान एडवोकेट प्रमोद ताखर की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें हलका प्रभारी विनोद भील व प्रदेश सचिव हजारीलाल लंबोरा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने नांगल चौधरी हलके के प्रत्येक बूथ पर वाहनों का प्रबंध करके 700 वालंटियर्स नियुक्त किए गए। जिन्हें वाहनों में पेयजल सप्लाई व भोजन व्यवस्था संभालने की हिदायत दी।

उन्होंने कहा कि डॉ. अजय सिंह चौटाला ने 36 बिरादरी के हितार्थ राजनीति की है। नांगल चौधरी हलके से उनका विशेष लगाव रहा है तथा विकास कार्यों में बड़ी भूमिका निभाई है। पार्टी सुप्रीमो के 65वें जन्मदिन को उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। एकजुट कार्यकर्ता हांसी में रैली का आयोजन करेंगे, जिसमें पार्टी के सीनियर पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

#### भाजपा का सक्रिय सहयोग नहीं मिला

उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से बुजुर्गों की पेंशन तीन हजार तक पहुंच पाई है। उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने की योजना लांच करके बेरोजगारी पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया था, लेकिन भाजपा का सक्रिय सहयोग नहीं मिल पाया, जिसका खामियाजा युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 13 मार्च की सुबह आठ बजे अनाज मंडी नांगल चौधरी व रघुनाथपुरा मंदिर के पास वाहन एकत्रित होंगे। इसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ रैली के लिए रवाना होंगे। इस मौके पर कैप्टन हीरानंद, चैनसुख तोताहेड़ी, राकेश अकबरपुर, अशोक कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# यूपीएससई क्वालीफाई नितीश यादव को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

लोक संस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ की ओर से संघ लोक सेवा आयोग द्वारा यूपीएससई क्वालीफाई करने वाले नितीश कुमार यादव का सम्मान किया गया गया। इस दौरान डा. कृष्णा आर्या और भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ भू वैज्ञनिक वासुदेव यादव ने पटका पहनाया और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नितीश यादव ने क्षेत्र ही नहीं पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। परिवार की उम्मीदों को पूरा करने में दिनरात मेहनत की है। उनके सम्मान में कृष्णा आर्या ने आशीर्वाद स्वरूप गीत सुनाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



नारनौल। नितीश यादव को सम्मानित करते कृष्णा आर्या व वासुदेव यादव। *फोटो: हरिभूमि*

### आईएएस गरिमा मित्तल को बताया प्रेरणा स्त्रोत

इस मुलाकात के दौरान जब नितीश यादव ने आईएएस गरिमा मित्तल को भी अपना प्रेरणा स्त्रोत बताया तो उसी वक्त वासुदेव यादव ने गरमि मित्तल की मोबाइल पर नितीश यादव की बातचीत करवाई।

# ओलंपियाड विजेताओं को किया सम्मानित

- एमआर पब्लिक स्कूल में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अटेली स्थित एमआर पब्लिक स्कूल में ओलंपियाड विजेताओं के सम्मान में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सिल्वर जोन इंटरनेशनल ओलिंपियाड मुकाबले में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने गोल्ड, सिल्वर तथा ब्रोंज मेडल जीतकर अपने माता, पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। इन विद्यार्थियों में रौनक, तानिया, हिमांशी, मानवी, दीप्ति, जीविका, दिव्या, यशस्वी, हेमंत, पलक प्रजापति, दीक्षिता ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं अलीशा, शीतल व आर्यन ने सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। इसी क्रम में लकी ने ब्रोंज मेडल जीता। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन विरेन्द्र यादव ने विजेता विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। चेयरमैन सियाराम यादव ने बताया कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि माता, पिता तथा विद्यालय के लिए गर्व की बात है। प्राचार्य मनोज कुमार ने बताया कि विद्यार्थी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहते हैं तथा अपनी प्रतिभा के बल पर अपना स्थान बनाते रहते हैं।



नारनौल। एमआर स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*



नारनौल। पुस्तक भेंट करती पूर्व आयकर आयुक्त प्रीता हरित। *फोटो: हरिभूमि*

### पूर्व आयकर आयुक्त प्रीता हरित ने भेंट की पुस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पूर्व आयकर आयुक्त प्रीता हरित (आईआरएस) ने सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी बड़ी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार पूर्व (आईएएस) को अपनी पुस्तक की प्रति भेंट की। इस अवसर पर कैंपस निदेशक प्रो. पीएस जस्सल, सीएफओ व प्रो-वीसी सुनील कुमार सोबती, रिसर्च विभाग के डीन डॉ. सुमेर सिंह भी उपस्थित थे। प्रीता हरित सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी बड़ी के डॉ. चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में बौद्ध धर्म में महिलाओं की भूमिका पर एक समाज शास्त्रीय च ऐतिहासिक अध्ययन विषय पर पीएचडी कर रही हैं।

# हकेंवि के सात विद्यार्थियों का हुआ आईसीआईसीआई बैंक में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आईसीआईसीआई बैंक द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव बैंक के ग्रेजुएट एस्पायर हायरिंग प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र के लिए योग्य और प्रतिभाशाली स्नातकों का चयन करना है। इस प्लेसमेंट प्रक्रिया का आयोजन एवं समन्वयन विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल उपनिदेशक डॉ. सुयश मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने आईसीआईसीआई बैंक के अधिकरियों के साथ विद्यार्थियों के करियर तथा पेशेवर क्षेत्र में सफलता के लिए बेहतर ढंग से तैयार करने के संबंध में चर्चा की।



### 40 विद्यार्थियों ने आवेदन किया

इस प्लेसमेंट ड्राइव के लिए विश्वविद्यालय के कुल 40 विद्यार्थियों ने आवेदन किया। प्रथम चरण की चयन प्रक्रिया के बाद 20 विद्यार्थियों को अंतिम चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया, जिनमें से 17 विद्यार्थियों ने आमने-सामने साक्षात्कार में भाग लिया। आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए। विस्तृत मूल्यांकन के उपरांत सात विद्यार्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की निदेशक डॉ. दिव्या ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इससे पूर्व डॉ. सुशील कुमार एवं डॉ. विकास सिवाच ने बैंक के अधिकारियों का विश्वविद्यालय में स्वागत किया। यह सफल प्लेसमेंट ड्राइव विश्वविद्यालय की विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# बसपा नेता ने की तत्काल खरीद शुरू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बहुजन समाज पार्टी के नेता अतरलाल एडवोकेट ने राज्य सरकार से सरसों की सरकारी खरीद तत्काल शुरू करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के अंदर अनाज मंडियों में सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई, तो बसपा कार्यकर्ता मार्केट कमेटियों का घेराव करेंगे। अतरलाल ने कहा कि राज्य सरकार ने आगामी 28 मार्च से सरकारी खरीद शुरू करने की घोषणा की हुई है, लेकिन अबकी बार गर्मी पहले शुरू होने के कारण सरसों की फसल 20 दिन पहले पककर तैयार हो गई। किसानों ने सरसों की फसल निकालनी शुरू कर दी है। यदि सरकार ने तत्काल सरकारी खरीद शुरू नहीं की, तो किसानों को अपने सरसों न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर बेचनी पड़ेगी, क्योंकि किसान को इस समय पैसे की ज्यादा जरूरत होती है। इसलिए उन्होंने अपनी फसल कम रेट पर बेचनी पड़ेगी, तो उन्हें भारी नुकसान होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर सरकारी खरीद देर से शुरू कर रही है, ताकि किसानों की ज्यादातर फसल पहले से ही बिक जाए। उन्होंने राज्य सरकार से अनाज मंडियों में सरकारी खरीद के पुख्ता प्रबन्ध करने की मांग भी की। उन्होंने कनीना उन्हाणी की अनाज मंडी में एक और टीनशेड बनाने, सतनाली व महेन्द्रगढ़ की अनाज मंडियों में टीनशेड बनाने की मांग भी की।



नारनौल। समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनते नगराधीश। *फोटो: हरिभूमि*


### समाधान शिविर में नागरिकों ने रखी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में वीरवार को नौ नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी। इस अवसर पर नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने शिकायतें सुनी। शिविर में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बिजली, पानी, पुलिस संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जिला स्तर पर लघु सचिवालय व उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण, जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जोनी तंवर जेजेपी यूथ के प्रदेश सचिव नियुक्त

**महेंद्रगढ़।** गांव चितलांग निवासी जोनी तंवर को जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के यूथ विंग का प्रदेश सचिव नियुक्त किए जाने पर उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। जोनी तंवर ने इस नियुक्ति के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, दिग्विजय चौटाला तथा राजू पाई का विशेष रूप से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जननायक जनता पार्टी की नीतियों और विचारधारा को युवाओं तक पहुंचाने के लिए वे निरंतर कार्य करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने में अपना योगदान देंगे। जोनी तंवर की नियुक्ति से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है और समर्थकों ने उन्हें बधाई दी है।



## नागरिक अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में कार्यक्रम आयोजित

# मरीजों के बीच केक काट मनाया वर्ल्ड किडनी डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हर वर्ष मार्च माह के दूसरे वीरवार को दुनिया भर में वर्ल्ड किडनी डे मनाया जाता है। इसी दिन को नागरिक अस्पताल में स्थित डायलिसिस सेंटर में वीरवार मरीजों से केक कटवाकर मनाया। इस दौरान डायलिसिस सेंटर के नोडल अधिकारी डा. कृष्ण यादव, डा. अनिल सैनी व मैनेजर हेमराज सैनी सहित स्टाफ मौजूद रहा।

डा. कृष्ण यादव ने बताया कि इस वर्ष भी लोगों को किडनी संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों और सामाजिक संगठनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि बदलती जीवनशैली, असंतुलित खानपान और बढ़ते तनाव के कारण किडनी से जुड़ी बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए समय रहते जागरूक होना बेहद जरूरी है।

किडनी मानव शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो शरीर में मौजूद विषैले तत्वों और अतिरिक्त तरल पदार्थ को बाहर निकालने का कार्य करती है। यदि किडनी सही तरीके से काम न करे तो शरीर में कई गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसलिए किडनी की सेहत का ध्यान रखना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि किडनी रोग धीरे-धीरे विकसित होने वाली बीमारी है और शुरुआत में इसके लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते। कई बार मरीज को तब पता चलता है जब बीमारी गंभीर अवस्था में पहुंच जाती है।



नारनौल। वर्ल्ड किडनी डे मनाते हुए चिकित्सक व उनकी टीम। *फोटो: हरिभूमि*

### उच्च रक्तजाप किडनी खराब के बड़े कारण

डॉ. कृष्ण यादव ने बताया कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप किडनी खराब होने के सबसे बड़े कारणों में से एक हैं। इसके अलावा अत्यधिक नमक का सेवन, फास्ट फूड का अधिक उपयोग, धूम्रपान, शराब का सेवन और कम पानी पीना भी किडनी पर बुरा असर डालते हैं। ऐसे में संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर किडनी रोगों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। वर्ल्ड किडनी डे के अवसर पर लोगों को सलाह दी कि प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, नमक का सेवन सीमित रखें, नियमित व्यायाम करें और रक्तचाप व शुगर की जांच करवाते रहें। इसके साथ ही बिना डॉक्टर की सलाह के दवाइयों का अधिक उपयोग करने से भी बचना चाहिए, क्योंकि कई दवाइयां किडनी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि यदि किसी व्यक्ति को पैरों में सूजन, पेशाब में बदलाव, अत्यधिक थकान, भूख कम लगना या उल्टी जैसी समस्याएं महसूस हों तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

*दिन-प्रतिदिन बदतर होती सफाई व्यवस्था और आमजन की बढ़ती शिकायतों पर कड़ा संज्ञान*

# 'एक्शन मोड' में प्रधान : हाजिरी लगाकर घर भागने वाले सफाई कर्मचारियों को चेयरमैन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर में दिन-प्रतिदिन बदतर होती सफाई व्यवस्था और आमजन की बढ़ती शिकायतों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी वीरवार को सुबह ठीक सात बजे 'एक्शन मोड' में नजर आए। उन्होंने अचानक नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर सफाई कर्मचारियों की हाजिरी चेक की और स्वयं फील्ड में उतरकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान चेयरमैन ने उन कर्मचारियों को जमकर आड़े हाथों लिया, जो केवल हाजिरी रजिस्टर में हस्ताक्षर कर अपने घरों को लौट जाते हैं। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन रमेश सैनी ने पाया कि नपा के पास पहले से ही सफाई कर्मचारियों का भारी अभाव है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि एक तरफ हमारे पास पर्याप्त स्टाफ नहीं है और दूसरी तरफ तैनात कर्मचारी भी हाजिरी लगाकर गायब हो जाते हैं। यह जनता के साथ सीधा धोखा है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई भी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी में कोताही बरतता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पिछले करीब 4-5 वर्षों में शहर में कूड़ा प्वाइंटों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। मुख्य मार्गों और रिहायशी इलाकों के कोनों पर कचरे के ढेर अब स्थाई पहचान बनते जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों की शिकायत है कि कई पॉइंट से दो-दो दिनों तक कूड़ा नहीं उठाया जाता।

नियम के अनुसार उठान सुबह होना चाहिए, लेकिन गाड़ियां अक्सर दोपहर 12 से दो बजे के बीच पहुंचती हैं। तब तक आवारा पशु कचरे को सड़क पर फैला देते हैं, जिससे दुकानदारों और राहगीरों का निकलना दूभर हो जाता है। नगर नियोजन विशेषज्ञों के अनुसार, दोपहर में कूड़ा उठाना वैज्ञानिक दृष्टि से गलत है। धूप में कचरा जल्दी सड़ता है, जिससे 'मिथेन' जैसी जहरीली गैसें और असहनीय बदबू पैदा होती है। सुबह नौ बजे तक उठान कार्य पूरा हो जाना चाहिए। खुले में पड़ा सड़ता हुआ कचरा हैजा, टाइफाइड और सांस की बीमारियों का प्रमुख कारण बनता है।



महेंद्रगढ़। कर्मचारियों को चेतावनी देते प्रधान रमेश सैनी। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों को सख्त निर्देश और शेड्यूल चार्ट

चेयरमैन ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी डंपिंग पॉइंट्स से कचरे का नियमित उठान सुनिश्चित हो। उन्होंने आदेश दिया कि एक निश्चित शेड्यूल चार्ट बनाया जाए, ताकि जनता को दोपहर की धूप में कचरे की बदबू से परेशान न होना पड़े। उन्होंने कर्मचारियों को 'स्वच्छता दूत' की याद दिलाते हुए काम को ईमानदारी से करने का आह्वान किया।

### कूड़ा सुबह के समय ही डालें

सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए चेयरमैन ने आमजन से भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि नागरिक जागरूक बनें और कूड़ा सुबह के समय ही डालें। यदि संभव हो तो कूड़ा सीधे नगर पालिका के वाहन में ही डालें। दिनभर प्वाइंटों पर कूड़ा फेंकने से वह सड़ता रहता है और बीमारी फैलाता है। शहर को सुंदर बनाना केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है।

## डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर लगाया 19वां रक्तदान शिविर

# चार हजार यूनिट का आंकड़ा पार, माता सती वेलफेयर समिति ने बनाया रिकॉर्ड

युवाओं, सामाजिक संगठनों के सदस्यों तथा ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय माता सती वेलफेयर समिति गहली (नारनौल) की ओर से वीरवार जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के 65वें जन्मदिन पर 19वां विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र के युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में कुल 187 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस तरह अब तक समिति के अध्यक्ष सिकंदर गहली की अगुवाई में कुल 19 रक्तदान शिविर में 4000 यूनिट का आंकड़ा भी पार कर रिकॉर्ड कायम किया।

इस शिविर का शुभारंभ जजपा के जिला प्रभारी राकेश जाखड़ ने रिबन काटकर किया। इसके बाद डॉ. अजय सिंह चौटाला का जन्मदिन पर केक भी काटा गया। जिला प्रभारी ने कहा कि समिति द्वारा समाज सेवा को अपना मुख्य उद्देश्य मानते हुए समय-समय पर विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए यह रक्तदान शिविर लगाया गया, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

क्षेत्र के युवाओं, सामाजिक संगठनों के सदस्यों तथा ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर में रक्तदाताओं के पंजीकरण से लेकर रक्त संग्रह तक की पूरी व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्तदाताओं की जांच कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया।



नारनौल। शिविर आयोजक सिकंदर गहली को बैज लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर जजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार खातोद, अमरसिंह ब्रह्मचारी, विजयपाल एडवोकेट, विनोद भील, हजारीलाल लंबोरा, बेदू रातां, दिनेश तंवर, प्रमोद तांखर, सचिन पार्षद, अजय एडवोकेट, चैनसुख तोताहेड़ी, राकेश अकबरपुर, संदीप भांखर, विरेंद्र घाटासेर, मनीष शर्मा, संजय यादव, दीपक यादव, जसवंत हुडिना, सतीश हुडिना, संजय शर्मा, कृष्ण यादव, कुलदीप यादव, विकास मांदी, दीपक मांदी, बिल्लू बापड़ोली, धर्मवीर प्रधान, सुनील एडवोकेट, प्रवीण, कर्मवीर मांदी, शेरू चौधरी, सुनील जेवली, राजवीर बड़ेसरा, अमित गहली, नितिश ठेकेदार, गौरव कुंडू, सन्नी, कुनाल शुक्ला, रोहित, हनुमान आदि मौजूद थे।

### 187 यूनिट रक्त एकत्रित

समिति के अध्यक्ष सिकंदर गहली ने बताया कि माता सती वेलफेयर समिति पिछले कई वर्षों से लगातार रक्तदान शिविर आयोजित कर रही है। इस वर्ष लगाया गया यह 19वां रक्तदान शिविर रहा, जिसमें 187 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इसके साथ ही समिति द्वारा अब तक आयोजित किए गए कुल 19 रक्तदान शिविरों में रक्तदान का आंकड़ा 4000 यूनिट से अधिक 4037 हो गया है, जो क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। समाज में रक्त की आवश्यकता हमेशा बनी रहती है, इसलिए युवाओं को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि समिति का उद्देश्य केवल रक्तदान तक सीमित नहीं है। बल्कि समाज के हर वर्ग की सहायता करना भी है। इसके लिए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे।

### वक्ताओं ने सराहा, बोले... इससे बड़ी कोई सेवा नहीं

रक्तदान शिविर में उपस्थित लोगों ने भी समिति की इस पहल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए रक्त की आवश्यकता सबसे महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में सामाजिक संस्थाओं की ओर से लगाए जाने वाले रक्तदान शिविर समाज के लिए बेहद उपयोगी साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हर स्वस्थ व्यक्ति समय-समय पर रक्तदान करें तो किसी भी मरीज को रक्त की कमी के कारण परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### इनको किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे शिविर लगातार आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग रक्तदान के लिए प्रेरित हों और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों और स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समिति की ओर से स्वास्थ्य विभाग रेवाड़ी रक्तकोष शाखा से डॉ. नेहा व डॉ. सोनाली और नारनौल रक्तकोष शाखा से डॉ. संगीता यादव, डॉ. एसपी सिंह व नरेंद्र एलटी, जिला रेडक्रॉस सोसायटी से कौशल, राजकुमार व सुनील की टीम को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

# जस्टिस संजय वशिष्ठ ने किया कनीना न्यायालय का निरीक्षण



कनीना। वकीलों के चैंबर का शिलान्यास करते हाईकोर्ट के जस्टिस संजय वशिष्ठ व डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

कनीना स्थित एसडीजेएम कोर्ट का वीरवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के इंस्पेक्टिंग जज संजय वशिष्ठ ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लीगल केयर सेंटर का उद्घाटन किया। वहीं कोर्ट भवन का निरीक्षण करने के बाद लघु सचिवालय के नवनिर्मित भवन का अवलोकन तथा वकीलों के लिए बनाए जाने वाले चैंबर का शिलान्यास भी किया। कोर्ट भवन एवं अधिवक्ताओं के चैंबर नियत समयावधि में बनकर तैयार होंगे। जस्टिस संजय वशिष्ठ का बार एसोसिएशन की ओर से स्वागत कर स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कनीना में कुल 71 मिनट रूके जस्टिस संजय वशिष्ठ ने कोर्ट की विभिन्न केस से संबंधित फाइलों की जानकारी भी प्राप्त की। कोर्ट में करीब पांच हजार से अधिक केस विचाराधीन हैं। जिनके निपटान कार्य में तेजी लाने व कोर्ट कार्य के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा को जरूरी दिशानिर्देश दिए।

### न्यायालय भवन का निर्माण कार्य जारी

हाईकोर्ट के जस्टिस संजय वशिष्ठ ने कहा कि न्यायालय भवन का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने जिला न्यायालय से आए न्यायाधीश व कोर्ट में कार्यरत जजों से लंबित केसों के निपटारे में तेजी लाने को कहा। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा, सीजेएम नीलम कुमारी, एसडीजेएम प्रवीण कुमार, जेएमआईसी विशेष गर्ग, एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत, डीएसपी दिनेश कुमार, थाना इंचार्ज राकेश कुमार, बार एसोसिएशन के प्रधान मंजीत यादव, केसी गुप्ता, एडवोकेट ओपी यादव, व्रिकम ककरालिया, कुलदीप, रमेश आदि मौजूद थे।

बता दें कि उपमंडल स्तरीय न्यायालय उपयुक्त भवन के अभाव में संचालित है। जहां स्टाफ के बैठने तथा रिकार्ड रखने की भी पर्याप्त जगह नहीं है। इसके बावजूद यहां पर परिवादों की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत तीन नियमित सहित एक साप्ताहिक फैमिली कोर्ट कार्य कर रही है।

# उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध : डॉ. सेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की रूपरेखा व तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए और कहा कि उपभोक्ता हितों का संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है। अक्सर जानकारी के अभाव में उपभोक्ता अपने अधिकारों का लाभ नहीं उठा पाते। ऐसे में सरकार के निर्देशानुसार इस बार जिला स्तर पर जागरूकता अभियान को बड़े स्तर पर चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वे विद्यार्थी होंगे, जिन्होंने उपभोक्ता अधिकारों के विषय पर स्कूलों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त की है।



नारनौल। बैठक लेते नगराधीश डॉ. मंगल सेन। फोटो : हरिभूमि

### भारतीय किसान संघ की बैठक, सरसों खरीद में देरी पर सौंपा ज्ञापन

**नारनौल।** सरसों की सरकारी खरीद में हो रही देरी तथा किसानों को हो रहे आर्थिक नुकसान के मुद्दे को लेकर भारतीय किसान संघ जिला कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक वीरवार को श्रीश्याम मंदिर दौंगड़ा अहीर में आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के अनेक किसान, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और सर्वसम्मति से किसानों के हित में प्रशासन को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान राजकुमार यादव ने की।

इस अवसर पर सरसों की सरकारी खरीद शीघ्र शुरू करवाने, किसानों को एमएसपी से कम दाम पर फसल बेचने की मजबूरी, मंडियों में चल रही कच्ची पर्ची प्रणाली तथा बिचौलियों की ओर से की जा रही अवैध खरीद पर रोक लगाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही ग्राम दौंगड़ा अहीर को पुनः सरसों खरीद केंद्र के रूप में संचालित करने तथा खरीद प्रक्रिया को एफपीओ के माध्यम से करवाने का प्रस्ताव भी रखा गया।



नारनौल। बैठक करते भारतीय किसान संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# एचटी लाइन से पीड़ित किसानों ने डीसी से मुलाकात कर मांगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिले में एचटी लाइन से पीड़ित किसानो की डीसी कैप्टन मनोज कुमार से एक बैठक भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमे किसानो की काफी मांगों को लेकर विचार विमर्श हुआ। किसानो की जमीन से गुजर रही खेतड़ी नरेला लाइन से संबंधित किसानों की बार बार जिला प्रशासन के पास किसानों द्वारा अपील करने पर भी कोई उचित कार्रवाई की जा चुकी है तथा जिला प्रशासन के आदेशानुसार शुरू किए गए समाधान शिविर में लाइन के अंतर्गत आने वाले रा राइट ऑफ वे के अंतर्गत आने वाले मकान, ट्यूबवेल तथा अन्य प्रतिष्ठान के नुकसान की पूर्ति को लेकर पावरग्रिड की तरफ से किसान को नकारने की बात सामने आई, जो पालिसी की कानूनी दृष्टि से तर्कसंगत नहीं है। डीसी ने किसानों की बात को समझा और आश्वासन दिया की आपकी समस्या का समाधान दो तीन दिन में कर दिया जाएगा।



महेंद्रगढ़। डीसी से मिलने आए जिले के किसान। फोटो : हरिभूमि

### नपा बैठक में उठे सफाई और वार्ड प्रबंधन के मुद्दे

**मंडी अटेली।** नगर पालिका मंडी अटेली में आयोजित हाउस बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था वार्ड कमेटियों के गठन और आगामी बैठकों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष संजय गोयल द्वारा की गई, जिसमें पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा। बैठक के दौरान वार्ड कमेटियों के गठन में रह गई कमियों को नियमों के अनुसार दुरुस्त करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पार्षदों से सुझाव लेकर वार्ड स्तर पर होने वाली बैठकों के लिए क्षेत्र तय किए गए। तय किया गया कि 14 और 15 मार्च को वार्डों में ही कमेटियों की बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक एरिया सभा सदस्य भाग लेकर विकास कार्यों और योजनाओं को लेकर अपने सुझाव दे सकें। सफाई व्यवस्था का मुद्दा भी बैठक में जोर-शोर से उठा।



मंडी अटेली। नगर पालिका बैठक उपस्थित चेयरमैन एवं वार्ड पार्षद।

## कड़ी मेहनत और लगन से ही मिलती है सफलताः प्रो. विजय यादव

# यूपीएससी में 958वीं रैंक पाने वाली छात्रा सुनीता का सम्मान

समारोह में महाविद्यालय परिवार की ओर से सुनीता को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्रा सुनीता पुत्री गुणपाल सिंह निवासी गांव हंसावास कलां जिला चरखी दादरी को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। सुनीता ने संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में 958वीं रैंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि महाविद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। सुनीता वर्ष 2016-17 में राजकीय महाविद्यालय से मेडिकल संकाय की छात्रा के रूप में उत्तीर्ण हुई थी। महाविद्यालय में पहुंचने पर सुनीता का प्राचार्य, प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों द्वारा फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। आयोजित समारोह में महाविद्यालय परिवार की ओर से सुनीता को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र के माध्यम से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की सराहना की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. विजय यादव, राजकीय महाविद्यालय सतनाली प्राचार्य डॉ. सुधीर लांबा तथा राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने सुनीता को स्मृति चिह्न भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने कहा कि सुनीता की यह सफलता महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, समर्पण और दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।




महेंद्रगढ़। छात्रा सुनीता को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह, एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर डॉ. कैप्टन शमशेर सिंह, डॉ. पविता यादव, डॉ. परमीत कुमारी, डॉ. मुकेश कुमारी, प्रो. अलका, प्रो. अंशु यादव, प्रो. गगनदीप यादव, प्रो. अंजू कुमारी, डॉ. कपिशा नेहरा, प्रो. जितेंद्र कुमार, प्रो. समृद्धि, सेवानिवृत्त उपाधीक्षक अनिल कानोडिया, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. अरुण भारत, डॉ. संदीप कुमारी, डॉ. मंजू कुमारी, डॉ. अनीता यादव, डॉ. विजया बाई, डॉ. पिंकी, डॉ. कुसुमलता, डॉ. रितु रानी, डॉ. रिनू यादव, डॉ. अमिता कुमारी, डॉ. पूजा रानी, डॉ. अंजू कुमारी, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. अनूप कुमारी, दीपक कुमार, प्रद्युम्न व अजय पाल उपस्थित रहे।